SIMTA SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE

Hindi

अप्रैल 2021

सामुदायिक समाचार अपडेट

2021 में आपका स्वागत है

100-साल-में-एक-बार आने वाले बुशफॉयर सीज़न, 100-साल-में-एक-बार होने वाली महामारी, और फिर 100-साल-में-एक-बार आने वाली बाढ़ की घटना। यह हमारे स्थानीय समुदाय के लिए चुनौतिपूर्ण बारह महीनों का समय रहा है।

हम इस संस्करण की शुरूआत सभी के लिए शुभकामनाओं के साथ करते हैं, क्योंकि हमें पता है कि कई स्थानीय सामुदायिक सदस्यों पर इन चुनौतिपूर्ण घटनाओं का असर पड़ा है।

Moorebank Logistics Park पर, हम समुदाय में अपनी भूमिका को लेकर जागरूक हैं। हम स्थानीय परिवारों और स्थानीय व्यापारों के हमारे समर्थन में बहुत गर्व महसूस करते हैं।

जैसे-जैसे हमारा परिवेश विकसित होता है, हमारे संचालनों से स्थानीय समुदाय को परिवारों के लिए रोज़गार के नए अवसरों तथा व्यापारों के लिए नए रीति-रिवाज़ों के माध्यम से वापिस अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिलेगी।

हालाँकि हाल ही की बारिश मौसम की एक अत्यंत घटना थी, परन्तु इसने हमारी गति को केवल कुछ देर के लिए धीमा किया। बाढ़ का पानी विकास स्थल से दूर रहा परन्तु कुछ दिनों के लिए निर्माण कार्य बंद करना पड़ा ताकि स्थल सूख जाए।

मामूली झटके के बावजूद, साल की पहली तिमाही कामयाब थी। और आने वाला साल एक और व्यस्त तथा विख्यात समयावधि होने का वायदा करता है।

हम आपको ताजा और नवीन जानकारी देते रहेंगे!

स्थानीय नौकरियों से सम्बन्धित अपडेट

हाल ही की समीक्षा ने यह पुष्टि की है कि Moorebank Logistics Park का स्थानीय व्यापारों का मुख्य समर्थक बने रहना जारी है।

2020 की दूसरी छमाही के दौरान, Qube ने Moorebank Logistics Park के लिए स्थानीय आपूर्तिकारों के साथ मुख्य कांट्रेक्टों में अनुमानित $35 मिलियन की राशि का निवेश किया।

यह इस समयावधि के दौरान मुख्य कांट्रेक्टों में निवेश किए गए हर 100 डॉलर के पीछे करीब 32 डॉलर बनता है।

एक ऐसी परियोजना जिसमें इतनी विशेषज्ञ खरीद की ज़रूरत है जो स्थानीय तौर पर उपलब्ध नहीं है, उसके लिए हम Liverpool, Campbelltown, Fairfield और Canterbury में इतने केन्द्रित खर्च को लेकर उत्साहित हैं। Bankstown LGAs स्थानीय तौर पर आधारित विशेषज्ञता को अपनाने के लाभों और दक्षताओं का साक्षी है।

वे स्थानीय कम्पनियाँ जो परियोजना पर काम करने के लिए पहले से पंजीकरण करवाना चाहती हैं, वे **www.icn.org.au** पर Industry Capability Network के साथ ऐसा कर सकती हैं।

प्रतीक्षा न करें!

स्थल पर क्या हो रहा है, इस बारे में जानने के लिए सामुदायिक समाचार अपडेट के अगले संस्करण की प्रतीक्षा न करें। Moorebank Logistics Park के बारे में वास्तविक-काल के समाचार और जानकारी केवल एक माउस क्लिक दूर है। सामान्य संचालनों, वर्तमान कार्यों, अनुमोदन प्रक्रियाओं, सामुदायिक गतिविधियों, तथा और भी बहुत कुछ से सम्बन्धित समाचारों के लिए किसी भी समय **www.simta.com.au** देखें। नियमित तौर पर वेबसाइट की जांच करना नवीन जानकारी रखने का सबसे अच्छा तरीका है।

Moorebank Precinct West का हवाई दृश्य जिसमें Moorebank Avenue डायवर्सन रोड का निर्माण-कार्य दिखाया गया है।

Moorebank Avenue संरेखण प्रस्ताव जमा कर दिया गया है

विकास-कार्य के लिए एक अन्य उपलब्धि प्राप्त हो गई है, और Moorebank Avenue का संरेखण करने के लिए एक औपचारिक नियोजन प्रस्ताव अब जमा करवा दिया गया है।

नए Moorebank Avenue का प्रयोग करने वाले मोटर-वाहकों को यातायात प्रवाह और सड़क सुरक्षा में किए जाने वाले महत्वपूर्ण सुधारों से लाभ मिलेगा, यदि इस प्रस्ताव को अनुमति मिलती है तो।

प्रस्तावित अपग्रेड कार्य में ट्रैफिक लाइटों के साथ-साथ Anzac Road और East Hills Railway के बीच दोनों दिशाओं में Moorebank Avenue को चौड़ा करके एक से दो लेन का बनाना शामिल है ताकि Moorebank Logistics Park के पूर्वी ओर सुव्यवस्थित रास्ता मिले।

नया संरेखण MLP और JLU रक्षा केन्द्र के बीच विकास स्थल की दूर पूर्वी सीमा को सम्मिलित करेगा।

सड़क के अपग्रेड निर्माण-कार्य के दौरान Anzac Road और Chatham Avenue के बीच गाड़ियों को रास्ता देने के लिए एक अस्थायी सड़क मोड़ स्थापित किया जाएगा।

मार्च में, Department of Planning Industry and Environment (DPIE) ने जन प्रदर्शनी पर प्रस्ताव रखा और टिप्पणी देने के लिए समुदाय के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया।

इन प्रस्तावों पर अब ग़ौर किया जा रहा है और प्रस्तुतियों पर प्रतिक्रिया तैयार की जा रही है।

और अधिक सीखने के लिए, यह वेबसाइट देखें: **www.planningportal.nsw.gov.au/major-projects/project/37891**

इनसे मिलिए... Carlos Pinho

Moorebank Logistics Park का विकास हमारे स्थानीय कर्मचारियों की प्रतिभा, योग्यता और समर्पण के बिना संभव नहीं हो पाता।

परियोजना के निर्माण और संचालन चरणों के दौरान पैदा हुई हज़ारों नौकरियों में से, कई महत्वपूर्ण नौकरियाँ स्थानीय लोगों को मिली हैं और मिलती रहेंगी।

पर्दे के पीछे इनके अनथक प्रयत्नों का जश्न मनाने के लिए, और आपको हमारी टीम को बेहतर तरीके से जानने में सहायता देने के लिए, हम सामुदायिक समाचार अपडेट के प्रत्येक संस्करण में टीम के एक स्थानीय सदस्य से मुलाकात करवाएँगे।

आज, हमें Carlos Pinho से मुलाकात करवाते हुए बहुत खुशी हो रही है। Carlos स्थानीय क्षेत्र में रहता है और उन्होंने सितम्बर 2017 से एक सैफ्टी मैनेजर के तौर पर परियोजना पर काम किया है।

एक सैफ्टी मैनेजर के तौर पर अपनी भूमिका के बारे में हमें और अधिक बताएँ?

टीम के सभी सदस्यों के साथ सहयोग करना मेरी भूमिका में शामिल है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि काम सुरक्षापूर्वक पूरा होता है। सामान्य गतिविधियों में शामिल हैं: शुरूआत करने वाले नए कर्मचारियों के लिए इंडक्शन, दैनिक प्री-स्टॉर्ट मीटिंग्स, प्रक्रिया समीक्षाएँ और संचालन नियोजन। मैं हर किसी को दिन के अंत में सुरक्षित रूप से अपने परिजनों के पास वापिस जाने में सहायता देने को लेकर उत्साही हूँ।

नौकरी में आपका पसंदीदा काम कौन सा है?

मेरी भूमिका में लोगों के शानदार समूह से काम करना, व्यापारों के सभी भागों से सम्बन्धित वरिष्ठ कॉर्पोरेट भूमिकाओं पर कार्यरत लोगों से लेकर ज़मीन पर काम करने वाले लोगों तक के साथ काम करना शामिल है ताकि परियोजना पूर्ण हो सके। ट्रेड या पेशे के पीछे कोई न कोई कमाल का व्यक्ति ज़रूर होता है। मुझे यह जानने को मिलता है कि वह व्यक्ति कौन है और वह अपना काम कैसे करते हैं और जीवन कैसे जीते हैं।

परियोजना के बारे में हमें कुछ ऐसा बताएँ जो शायद लोगों को पता न हो?

परियोजना अब विकास के पूर्वी ओर दस लाख श्रम घंटे तक पहुँच चुकी है। यह एक शानदार परिणाम है। शायद लोगों को यह भी पता न हो कि 19-20 की गर्मियों में हुई बुशफॉयर से ऑन-साइट कार्यालयों के पीछे का भाग जल गया था। आसमान संतरी था, यह एक अजीब अहसास था। खुशकिस्मती से, हर कोई इससे एक दिन पहले छुट्टियों पर गया था, इसलिए हमें जगह खाली नहीं करनी पड़ी।

क्या आप स्थानीय क्षेत्र में रहते हैं?

हाँ, मैं पिछले चार सालों से स्थानीय हूँ। काम पर आने में मुझे पंद्रह मिनट लगते हैं। मैं बहुत खुशकिस्मत हूँ – सिडनी में, अक्सर आप अपने कार्यस्थल के बहुत पास नहीं रहते/रहती हैं। मुझे हर रोज़ यातायात में घंटे फंसा नहीं रहना पड़ता है।

दक्षिण-पश्चिम सिडनी में रहने के बारे में सबसे अच्छी बात क्या है?

इस क्षेत्र में रहना बहुत बढ़िया है। यह इतना बहु-सांस्कृतिक है – यहाँ विश्व भर से सम्बन्धित लोग रहते हैं। एक ही दिन में, आप बाहर जाकर कई अलग-अलग संस्कृतियों का अनुभव कर सकते/सकती हैं।

खाने-पीने के लिए आपका पसंदीदा स्थान कौन सा है?

मैं पुर्तगाली हूँ, मुझे जो काम करने पसंद हैं उनमें से एक है खाना-पीना! जब मैं काम पर होता हूँ, तो मैं Wattle Grove Shopping Centre जाता हूँ। Pickle & Lou café की कॉफ़ी बहुत बढ़िया है, और लंच खाने के लिए बहुत से स्थान हैं – चिकन की दुकान बहुत अच्छी है। घर पर, मैं Bankstown Central पर जाता हूँ। कोरियाई BBQ है, चाइनीज़ टेक-अवे है, लेबनीज़ कबाब है। बहुत सारे विकल्प।

क्या आपका जन्म पुर्तगाल में हुआ था?

मेरा जन्म Porto, Portugal में हुआ था। मैं 23 साल का था जब मैं ऑस्ट्रेलिया आया था और अब मुझे यहाँ आए 22 साल हो चुके हैं।

आप पक्का फुटबॉल (सॉकर) फैन होंगे?

मुझे फुटबॉल बहुत पसंद है। मैं FC Porto का समर्थन करते हुए बड़ा हुआ और मेरी होमटाउन (गृह-नगर) टीम Sydney FC है। मैं जब ऑस्ट्रेलिया आया तो मैंने Sydney FC का समर्थन करना शुरू कर दिया और वेस्टर्न सिडनी में कोई टीम नहीं है। अब मैं बदल तो नहीं सकता परन्तु मैं मन ही मन Western Sydney Wanderers टीम को पसंद करता हूँ। क्षेत्र में फुटबॉल के लिए उत्साह देखना अच्छा लगता है।

क्या आपका बेटा फुटबॉल खेलता है?

मेरे बेटे Carlos Junior यानि “CJ” को फुटबॉल पसंद है। परन्तु उसे बॉस्केटबॉल पसंद है। वह Bankstown Bruins स्टेडियम में खेलता है। मुझे उसपर बहुत गर्व है।

आपकी मनचाही नौकरी कौन सी है?

यदि मैं कोई एक चुन सकूँ, तो मैं वही करूँगा जो मैं अभी कर रहा हूँ। मैं पहले से ही लोगों के साथ काम कर रहा हूँ, अर्थात मैं पहले से ऐसा काम कर रहा हूँ जिसका मुझे जुनून है यानि कि लोगों को सुरक्षित रखने का काम। और निर्माण उद्योग में काम करना रोचक है – हर रोज़ स्थल पर बहुत कुछ हो रहा है, हमेशा कुछ न कुछ नया होता है, और बहुत से लोग यहाँ काम करते हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मैं ऐसी नौकरी करता हूँ जिसे करने में मुझे आनन्द आता है।



Cambridge Road अपग्रेड कार्य

स्थानीय मोटर वाहकों के लिए और अधिक समाचारों में, NSW की सरकार ने Cambridge Avenue के भविष्य के अपग्रेड कार्य और विस्तार के लिए योजना बनानी शुरू कर दी है।

प्रस्तावित Moorebank Avenue संरेखण के साथ मिलकर, इस अपग्रेड कार्य से स्थानीय निवासियों के लिए M5 South-West Motorway से आने-जाने के रास्ते में सुधार होगा।

अपग्रेड कार्य की विशिष्टताओं में Moorebank Avenue से लेकर Campbelltown Road तक Cambridge Avenue के पश्चिम दिशा का महत्वपूर्ण दोहराव और विस्तार शामिल है।

हालाँकि यह एक स्वागतम प्रस्ताव है, परन्तु अभी यह शुरूआती दिनों में है। Transport for NSW अभी भी अपग्रेड कार्य के लिए विकल्पों का आकलन कर रहा है।

फरवरी में, TfNSW सुझावित डिज़ाइन विकल्प पर फीडबैक इकट्ठी करने के लिए सामुदायिक सलाह-मशविरा पूरा किया और अब यह फीडबैक पर ग़ौर कर रहा है।

अधिक जानकारी के लिए TfNSW के समर्पित परियोजना पेज़ की जांच करें: **www.rms.nsw.gov.au/projects/cambridge-ave-glenfield-upgrade/index.html**

तीक्ष्णदृष्टि का नज़ारा

वेस्टर्न सिडनी में हाल ही में आई बाढ़ का प्राकृतिक नज़ारा। Moorebank Logistics Park की सामुदायिक सहभागिता टीम के Steve ने के साथ स्वयंसेवी काम करते हुए हेलीकॉप्टर से फोटो खींची। Steve ने रिक्वरी प्रयासों में मदद देने के लिए कई दिनों की छुट्टी ली और हमें सुरक्षित रखा। धन्यवाद Steve!

Hawkesbury River, Richmond

अगली बार मिलेंगे!

इस संस्करण के लिए इतना ही। हम पूरे परियोजना स्थल में चल रहे काम की इन शानदार तस्वीरों के साथ आपको अलविदा करते हैं।

हमें संपर्क करें

और अधिक जानकारी के लिए

कृपया हमारी वेबसाइट **www.simta.com.au** देखें

Level 27, 680 George Street
Sydney, NSW 2000 Australia

विशिष्ट सवालों के लिए, कृपया

1800 986 465 पर फोन करें

या लिखित पूछताछ या फीडबैक
simta@elton.com.au पर भेजें